an>

Title: Issue regarding hacking of Twitter account of Hon'ble Prime Minister.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : सभापति महोदय, हिन्दुस्तान के सबसे शक्तिमान और सबसे सर्वोच्च सुरक्षित हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री साहब के ट्विटर अकाउंट पर दिन-दहाड़े हमला होता जा रहा है, उस पर डकैती पड़ती जा रही है । मेरा यह सवाल है कि अगर हमारे प्रधानमंत्री जी का ट्विटर हैंडल सुरक्षित नहीं रहेगा, तो हिन्दुस्तान के आम लोगों का ट्विटर हैंडल कैसे सुरक्षित बच पाएगा?

महोदय, मुद्दा यह है कि जब हिन्दुस्तान की सरकार क्रिप्टो करेंसी पर पाबंदी लगाने की कोशिश कर रही है, तब प्रधानमंत्री जी के ट्विटर हैंडल से यह पोस्ट किया जाता है कि हिन्दुस्तान की सरकार ने सभी क्रिप्टो करेंसी का चलन मान लिया है, हिन्दुस्तान के लोगों के लिए 500 बिटकॉइन क्रिप्टो करेंसी खरीदी गई है और उसको बांटा जाएगा ।

महोदय, यह हमारे देश की सुरक्षा का सबसे बड़ा मुद्दा है । मैं हिन्दुस्तान की सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि वह खुद यहां पर आए और इस सदन में बताए कि यह कैसे हुआ है । एक बार नहीं, पिछले दो सालों में दो-दो बार हमारे प्रधानमंत्री जी के ट्विटर हैंडल पर डकैती पड़ रही है, तो फिर हमारे हिन्दुस्तान की सुरक्षा कैसे बचेगी? आज हमारे हिन्दुस्तान की सुरक्षा खतरे में है । यह सरकार इस विषय पर जवाब दे कि यह कैसे हो रहा है, क्यों ऐसा हो रहा है? वे क्रिप्टो करेंसी को मान्यता देते हैं या नहीं, वह सदन में आकर खुद बताए ।… (व्यवधान)

महोदय, मैं सरकार से यह गुजारिश करता हूं कि वह सदन के अंदर इस विषय पर स्पष्टीकरण दे । हमारे पार्लियामेंट के अंदर…(व्यवधान)